वेब चैनल
यूट्यूब न्यूज
1 लाख लोग

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार
www.politelive.com

सफलता पूर्वक साल 6

15 मई 2026 शुक्रवार अंक 279

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2026 - 2027
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
NURSERY TO STD. 9 & 11
SCIENCE
COMMERCE & ARTS
9470585217, 9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दरभंगा एयरपोर्ट की सुरक्षा सीआईएसएफ को दिये जाने की समीक्षा की



दरभंगा : बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को दरभंगा पहुंचे, जहां उन्होंने दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जवानों को सौंपे जाने की समीक्षा की। सम्राट चौधरी ने साथ में नए एयरपोर्ट टर्मिनल और एम्स निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। दरभंगा पहुंचने पर सीआईएसएफ के जवानों ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार में जितनी एयर कनेक्टिविटी है, उससे दस गुना अधिक विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिहार में 59 लाख से अधिक लोग हवाई यात्रा करते हैं, लेकिन अगले पांच वर्षों में चार से पांच करोड़ लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा देने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दरभंगा को नए एयरपोर्ट टर्मिनल और एम्स निर्माण सहित कई बड़ी सौगातें दी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मिथिला और दरभंगा के विकास के लिए सड़क नेटवर्क और एयरपोर्ट निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए। एम्स दरभंगा परियोजना की समीक्षा भी इस दौरे का अहम हिस्सा रही। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग और निर्माण एजेंसियों से निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सिर्फ दरभंगा ही नहीं बल्कि पूरे मिथिलांचल और उत्तर बिहार के लिए महत्वपूर्ण है। सरकार चाहती है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही मिलें ताकि इलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भरता कम हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गुणवत्ता और समय सीमा दोनों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

# मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के मद्देनजर ब्रिक्स देशों की एकजुटता महत्वपूर्ण: भारत



नई दिल्ली : विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को ब्रिक्स देशों से वैश्विक संघर्षों, आर्थिक अस्थिरता और व्यापारिक व्यवधानों से निपटने के लिए ह्लव्यावहारिक तालमेलह्व विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में उभरती अर्थव्यवस्थाओं और विकासशील देशों के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। ऐसे समय में ब्रिक्स देशों की एकजुटता अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। जयशंकर ने गुरुवार को ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया अभूतपूर्व भू–राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। संघर्षों, जलवायु परिवर्तन और कोविड महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहराई से प्रभावित किया है। इसके अलावा वैश्विक व्यवस्था में शक्ति संतुलन और लोकतांत्रिक पुनर्संतुलन की प्रक्रिया भी जारी है, जिसे सभी देश सहज रूप से स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों का असर ऊर्जा, खाद्य और उर्वरक सुरक्षा पर पड़ा है। आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, बढ़ती महंगाई और आर्थिक वृद्धि की सीमित संभावनाओं ने विकासशील देशों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देशों को भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला और विविधीकृत बाजारों पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि वैश्विक संकटों के प्रभाव को कम किया जा सके। केवल चर्चा पर्याप्त नहीं है, बल्कि ब्रिक्स देशों को समन्वित और प्रभावी कदम भी उठाने होंगे। जयशंकर ने कहा कि शांति और सुरक्षा के मुद्दे आज भी वैश्विक व्यवस्था के केंद्र में हैं। उन्होंने हाल के संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन घटनाओं ने संवाद और कूटनीति के महत्व को और अधिक रेखांकित किया है। भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है तथा संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अंतरराष्ट्रीय संबंधों की बुनियाद होना चाहिए। पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि गाजा संघर्ष के गंभीर मानवीय परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने स्थायी युद्धविराम, मानवीय सहायता की निर्बाध पहुंच और शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में विश्वसनीय प्रयासों की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि भारत फिलिस्तीन मुद्दे पर दो–राष्ट्र समाधान का समर्थन करता है। जयशंकर ने कहा कि लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे समुद्री मार्गों पर सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए आवश्यक है। उन्होंने लेबनान, सीरिया, सूडान, यमन और लीबिया की परिस्थितियों पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इन संकटों के समाधान के लिए निरंतर अंतरराष्ट्रीय सहयोग और कूटनीतिक प्रयास जरूरी हैं। आतंकवाद के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ सहयोग को मजबूत करने में सभी देशों की साझा रुचि है।

# बिना नक्शा वाले भवन होंगे वैध, पोर्टल लॉन्च

- हेमंत सरकार ने लाखों मकान मालिकों को दी बड़ी राहत
- जी+2 और 300 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल में बने मकान ही किये जायेंगे नियमित
- 60 दिनों के अंदर करना होगा आवेदन, छह माह के भीतर नियमितीकरण पर फैसला

**रांची।** राज्य सरकार ने बिना नक्शा पास भवनों को नियमित करने से संबंधित पोर्टल ह्लबिल्डिंग प्लान अप्रूवल मैनेजमेंट सिस्टमह्व यानी ह्लबीपीएएमएसह्व गुरुवार को लॉन्च कर दिया। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने पोर्टल लॉन्च करते हुए कहा कि इससे बिना नक्शा पास कराए बने कई मकानों और भवनों को कानूनी मान्यता मिल सकेगी। इस पोर्टल के जरिए लोग अपने भवन को नियमित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य के लोगों को राहत देने के लिए यह बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता का समर्थन और सहयोग जरूरी है, ताकि इस इस योजना को सफल बनाया जा सके। सरकार ने नियमितीकरण नियमावली को बहुत ही सरल बनाया है और नियमित करने में लगने वाली राशि को भी तीन किस्तों में भुगतान का प्रावधान किया है, ताकि लोगों को एक बार ` में आर्थिक बोझ ना उठाना पड़े.

## अवैध मकान नियमित करने का सुनहरा अवसर : मंत्री




### हर अवैध भवन नही होगा वैध

सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि हर अवैध निर्माण को नियमित नहीं किया जाएगा। सरकारी जमीन, सार्वजनिक उपक्रम, आवास बोर्ड और वक्फ बोर्ड की जमीन पर बने भवनों को इस योजना का लाभनहीं मिलेगा। इसके अलावा जलग्रहण क्षेत्र, टैंक बेड, पार्किंग स्थल और अतिक्रमण वाली जमीनों पर बने निर्माण भी नियमितिकरण योजना के दायरे से बाहर रहेंगे। सीएनटी और एसपीटी एक्ट के उल्लंघन वाले मामलों के साथ–साथ कोर्ट में विवादित भवनों को भी इस योजना में शामिल नहीं किया गया है। व्यवस्थित शहरीकरण के प्रति मुख्यमंत्री हेमंत गंभीर विभागीय सचिव सुनील कुमार ने कहा कि सरकार नगरीय क्षेत्रों के विकास को गंभीरता से ले रही है। शहर की सूरत बदल रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया जा रहा है। रांची में 3 फ्लाइओवर बन कर तैयार है, सिरमटोली कनेक्टिंग फ्लाइओवर भी ऑनगोइंग है। अरगोड़ा, करमटोली और हरमू फ्लाइओवर निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। जमशेदपुर और धनबाद में भी फ्लाईओवर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्देश है कि शहरीकरण अव्यवस्थित ढंग से न हो। रोड, फुटपाथ, टाउनहॉल, नाली सभी व्यवस्थित हों। शहरों में उन्नत बस स्टैंड हो। इस दिशा में काम जारी है।

## भवन नियमितीकरण योजना का लाभ उठायें : निदेशक

सूडा के निदेशक सूरज कुमार ने कहा कि भवन नियमितीकरण नियमावली–2026 सरकार का ऐतिहासिक कदम है। किसी कारण से लोगों ने अपने मकान को बिना नक्शा पास कराए बना लिया है, ऐसे अनाधिकृत रूप से बने भवन का नियमतीकरण का निर्णय सरकार ने लिया है, ताकि झारखंड के नागरिकों को राहत पहुंचाई जाये। भवन नियमितीकरण योजना का लाभ सभी लोग उठायें। इस पोर्टल में जाकर ऑनलाइन आवेदन करें। आवेदन के लिए 2 माह का समय है। राशि का भुगतान भी किस्तों में कर सकेंगे। सरकार ने लोगों को राहत देने के उद्देश्य से ऐसा प्रावधान किया है।

## किशनगंज में एसएसबी–पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चीन–कतर और सऊदी की करेंसी के साथ एक गिरफ्तार

**किशनगंज** : बिहार में भारत–नेपाल सीमा के किशनगंज जिला अन्तर्गत गलगलिया थाना क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में ब्राउन शुगर, भारतीय एवं चीन–कतर और सऊदी की करेंसी बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी चांद मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इस मामले को अंतर्राष्ट्रीय नशीले पदार्थों के कारोबार से जोड़कर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर गलगलिया थाना क्षेत्र के नेंगडाडुबा गांव निवासी 48 वर्षीयचान मोहम्मद के घर पर छापेमारी की गई। यह कार्रवाई एसएसबी भातगांव, एसएसबी नेमुगुड़ी तथा स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। छापेमारी के दौरान घर से 120 ग्राम ब्राउन शुगर, एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी के घर से 7 लाख 76 हजार 500 रुपये



भारतीय मुद्रा तथा 1 लाख 28 हजार रुपये नेपाली मुद्रा जब्त की। इसके अलावे चीन, कतर और साउदी अरब की विदेशी करेंसी भी बरामद हुई है। इनमें कतर के 27 नोट, मलेशिया का एक नोट, चीन के 10 नोट और सऊदी अरब के 12 नोट शामिल हैं।

## रूस ने यूक्रेन पर किया ड्रोन और मिसाइल हमला



**एजेंसी, कीव (यूक्रेन)**

रूस ने पूरे यूक्रेन में बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया है। रूस ने बुधवार सुबह से आधीरात बाद तक ताबड़तोड़ हमला कर तबाही मचा दी। इन हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 80 से अधिक नागरिक घायल हो गए। राजधानी कीव में रूस के हमले से एक आवासीय इमारत ढह गई। इस इमारत के मलबे में दबे 10 लोगों को बचाया गया। एक व्यक्ति की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए। रात लगभग एक बजे यूक्रेन की वायुसेना ने देशव्यापी हवाई अलर्ट जारी किया। इसमें चेतावनी दी गई कि रूस ने मिग–31 बमवर्षक विमानों को तैनात कर दिया है। देश का हर क्षेत्र बैलिस्टिक मिसाइल हमलों की जद में है। द कीव इंडिपेंडेंट अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, कीवसैन्य प्रशासन के प्रमुख टिमुर टकाचेंको ने कुछ देर बाद चेतावनी दी क रूसी ड्रोन राजधानी की ओर बढ़ रहे हैं और मिसाइल हमले भी संभावित खतरा हैं। स्थानीय समयानुसार तड़के 3:08 बजे कीव में जोरदार धमाके हुए। यूक्रेन की हवाई रक्षा प्रणालियां रूसी ड्रोन से जूझती नजर आईं। 3:15 बजे से 3:20 बजे के बीच बैलिस्टिक मिसाइल के हमलों से होने वाले धमाकों की आवाज सुनी गई। इसके कुछ देरबाद लगभग 3:44 बजे फिर बैलिस्टिक मिसाइलों ने गरजना शुरू कर दिया।

# अज्ञात अपराधियों ने व्यवसायी के घर बम फेंक कर दहशत फैलाने की कोशिश

## मामले की जांच में जुटी पुलिस

**धनबाद:** जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। सरायढेला थाना क्षेत्र में प्रेमसन होंडा सर्विस सेंटर के समीप रहने वाले व्यवसायी सुरेन्द्र अग्रवाल के आवास पर देर रात अज्ञात अपराधियों ने बम फेंक कर दहशत फैलाने की कोशिश की। हालांकि बम फटा नहीं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही सरायढेला थाना के एसआई अनूप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने बम को कब्जे में लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

घटना की जानकारी मिलने पर धनबाद विधायक राज सिन्हा भी घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाएं चिंता का विषय हैं और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। बताया जाता है कि वर्ष 2010 में भी सुरेन्द्र अग्रवाल के घर डकैती की बड़ी घटना हो चुकी है। ऐसे में एक बार फिर हुई इस वारदात ने इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर

सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है तथा जल्द ही अपराधियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।



## 16 राज्यों व तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव आयोग की घोषणा

झारखंड में 30 जून से एसआइआर

7 अक्टूबर को अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन

29571 बीएलओ को मिली मतदाताओं की पहचान करने की जिम्मेदारी

झारखंड में मतदाता

2,64,89,777

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड, ओडिशा और कर्नाटक समेत 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषणा की। आयोग के अनुसार, 1 अक्टूबर 2026 को आधार मानते हुए झारखंड में 30 जून से 29 जुलाई तक घर-घर सर्वेक्षण होगा।

इससे पहले 20 से 29 जून तक प्रशिक्षण होगा। चुनाव आयोग के अनुसार 29 जुलाई को मतदान केंद्रों का पुनरीक्षण होगा और 5 अगस्त को मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन होगा। पांच अगस्त से 4 सितंबर तक मतदाता सूची को लेकर आपत्ति दर्ज की जा सकेगी। वहीं 5 अगस्त से 3 अक्टूबर तक आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा। अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन 7 अक्टूबर 2026 को चुनाव आयोग द्वारा किया जाएगा।

तीसरे चरण के एसआईआर में देशभर के 19 राज्यों में कुल 36.73 करोड़ वोटरों का वेरिफिकेशन होगा।

**तीसरे चरण में 16 राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर:** जिन 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेश में एसआईआर होगा उसमें झारखंड, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, ओडिशा, कर्नाटक, मेघालय, सिक्किम, मणिपुर, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, नागालैंड, त्रिपुरा, दादर नगर हवेली और दमन दीव शामिल है। मिजोरम,इधर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाताओं से एसआईआर के तीसरे चरण में उत्साह के साथ भाग लेने और गणना फॉर्म भरने की अपील की है। आयोजन का उद्देश्य मतदाता सूची में केवल पात्र मतदाताओं को शामिल करना और अपात्र व्यक्ति का हटाना है।




## बायो मेडिकल वेस्ट निराकरण स्थल की जांच करेगी टीम

## रक्तदान शिविर के लिए एक सप्ताह पहले देना है आवेदन




**धनबाद :** उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में धनबाद की स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य धनबाद के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। बैठक में बायो मेडिकल वेस्ट के निराकरण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि बड़ापिछड़ी स्थित बायो मेडिकल वेस्ट निराकरण स्थल के आसपास के ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बायो मेडिकल वेस्ट निराकरण करने वाली एजेंसी नियमों का पालन नहीं करती है। इसका समाधान करने के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी के नेतृत्व में एक मेडिकल टीम तथा एजेंसी के प्रतिनिधि उक्त स्थल की जांच कर वस्तु स्थिति से अवगत होगी। बैठक में जिले में रक्त की कमी पर चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन करने वालों को एक सप्ताह पहले सिविल सर्जन कार्यालय में आवेदन देना होगा। इसके बाद टीम शिविर स्थल एवं सुविधाओं की जांच करेगी। सब कुछ सही होने पर शिविर का आयोजन करने की अनुमति मिलेगी। कहा कि रक्तदान के दौरान यदि रक्तदाता को कुछ होता है तो इसकी जिम्मेवारी सीधे प्रशासन पर आएगी। इसलिए नियमों का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने जिले के सभी ब्लड बैंक का भौतिक निरीक्षण करने एवं रक्तदाता, रक्त की आवश्यकता का ऑनलाइन डाटाबेस तैयार करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंकों को निर्देश दिया जाएगा कि वे थैलेसीमिया मरीजों को नियमित ब्लड रिप्लेसमेंट सुनिश्चित करें। साथ ही, ब्लड बैंकों को अपने संग्रह का 25% सदर अस्पताल को देना होगा।

बैठक के दौरान जिले में संचालित क्लिनिकों पर विस्तृत चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी एमओआईसी अपने क्षेत्र के क्लीनिक के लाइसेंस की जांच करेंगे। लाइसेंस नहीं होने या एक्सपायर होने पर क्लीनिक को सील करेंगे।

बैठक में सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें में मुख्य रूप से रिक्त पदों पर भर्ती, बुनियादी ढांचे के विकास और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की गई। साथ में सदर अस्पताल की सुविधाओं में विस्तार और आधुनिकीकरण, मरीजों को बेहतर इलाज देने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार के कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। वहीं तोपचांची स्थित डायलिसिस यूनिट को अब सदर अस्पताल, धनबाद के हिस्से के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया गया। अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे रिपोर्टिंग और ऑडियोमेट्री की दरों को व्यवस्थित करने पर सहमति बनी। अस्पताल में फायर और इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराने के साथ-साथ बायो-वेस्ट मैनेजमेंट को और प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद, पीएचईडी 1 के कार्यपालक अभियंता श्री रंजीत कुमार ठाकुर, पीएचईडी 2 के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार मंडल, डीईओ अभिषेक झा, डीपीएम श्रीमती प्रतिमा कुमारी, डब्ल्यू.एच.ओ. के डॉ दीपक कुमार के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# पेट्रोल–डीजल की सप्लाई में नहीं है कोई कमी

## प्रशासन ने की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव तथा अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने आज इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) एवं हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के वरीय प्रबंधन के साथ बैठक कर पेट्रोल पंपों पर ईंधन सप्लाई की वास्तविक स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। उपायुक्त इस बैठक में ऑनलाइन जुड़े थे पेट्रोलियम कंपनियों से जब पूछा गया कि बुधवार को अचानक सभी पेट्रोल पंप पर वाहनों की अत्यधिक भीड़ होने का क्या कारण था तब पेट्रोलियम कंपनियों ने बताया कि पेट्रोल डीजल की सप्लाई में कोई कमी नहीं है। आज सुबह से सभी पंप पर ईंधन की आपूर्ति जारी है। बताया कि बुधवार को अफवाहों के कारण पेट्रोल पंपों पर अचानक वाहनों की भीड़ उमड़ पड़ी। घबराहट में लोग अपने वाहनों में अतिरिक्त ईंधन भराने के लिए पहुंचने लगे। इसके कारण सामान्य व्यवस्था प्रभावित हुई। बताया कि बुधवार को अफवाह के कारण कुछ पेट्रोल पंपों पर 4 दिन की बिक्री के बराबर ईंधन की बिक्री हुई। अमूमन वाहनों में कम ईंधन भराने वालों ने भी अधिक ईंधन भरा लिया। जबकि ईंधन की सप्लाई सुचारू रूप से बनी हुई है। प्रबंधन ने धनबाद को अतिरिक्त ईंधन सप्लाई किया है। पेट्रोलियम कंपनी हर रिटेलर के स्टॉक की जानकारी ऑनलाइन देख सकते हैं।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि जब तक स्थिति सामान्य नहीं हो जाती तब तक जिला प्रशासन एवं पेट्रोलियम कंपनियां रिटेल आउटलेट पर नजर बनाए रखेंगी। जिला पशासन ने सभी अंचल अधिकारियों एवं संबंधित थाना को अपने–अपने क्षेत्र के पेट्रोल पंप पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने जिला प्रशासन को पेट्रोल पंप में स्टॉक की सूचना देने का भी निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनहित के विरुद्ध रिटेल आउटलेट कोई काम नहीं करेगा। ईंधन का स्टॉक होने के बावजूद पेट्रोल पंप जानबूझकर ईंधन नहीं देगा तो जिला प्रशासन अपने स्तर से पंप संचालक के विरुद्ध करवाई करेगा।

बैठक के अंत में उप विकास आयुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की। बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, बीपीसीएल के टेरिटरी मैनेजर मनीष कुमार गर्ग, एचपीसीएल के रीजनल मैनेजर अमित मेहता, आईओसीएल के डिविजनल मैनेजर श्री सुयांश कुमार मौजूद।

# केंदुआडीह गैस प्रभावित रैयत का प्रेसवार्ता

**धनबाद :** केंदुआडीह राजपूत बस्ती के प्रभावित रैयत ने गुरुवार क़ो राजपूत बस्ती में एक प्रेस वार्ता कर आयोजन कर अपनी समस्या एवं धनबाद विधायक राज सिन्हा के वायरल वीडियो पर निंदा करते हुए अपने बातों को रखा. रैयत रंजीत कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता के जरिए कहा कि राजपूत बस्ती में करीब 40 से 50 रैयत हैं. मगर अब तक प्रबंधन की ओर से पुनर्वास मुआवजा एम रोजगार के संबंध में अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं निकाला . हम लोग चाहते हैं कि हम लोग की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए

वही धनबाद विधायक राज सिन्हा के वायरल वीडियो पर रैयत रंजीत सिंह ने कहा की मैं राजपूत बस्ती की समस्याओं को लेकर विधायक के पास गए थे विधायक ने हमारी समस्या को सुनते हुए बीसीसीएल सीएमडी से दूरभाष पर बात कर आश्वासन दिया कि जल्द ही केंदुआ की समस्या का समाधान किया जाएगा. जिसका मैंने वीडियो बना अपने रैयत ग्रुप में डाला.ताकी सभी रैयतो के पास बात पहुंच सके. विधायक राज सिन्हा ने वायरल वीडियो में केंदुआडीह के समस्याओं एम हित मे बात कही थी कही कुछ ग़लत नहीं कहा था.मगर कुछ लोग वायरल वीडियो को गलत ढंग से पेश कर धनबाद विधायक राज सिन्हा की छवि को धूमिल करने का कोशिश की जिसका हम रैयत घोर निंदा करते हैं.धनबाद विधायक राज सिन्हा लगातार ही केंदुआडीह के प्रभावित लोगों से मिलकर केंदुआडीह के समस्या के समाधान करने का प्रयास कर रहे उनकी छवि को धूमिल करना ग़लत है.



# अवैध खनन और बीसीसीएल की कार्यशैली पर जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने उठाया सवाल



पोलिट लाइव

**धनबाद।** केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री के धनबाद दौरे के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने जिले में हो रही अवैध कोयला चोरी, असुरक्षित खनन और बीसीसीएल की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने मंत्री को पत्र सौंपकर कहा कि अवैध खनन और कोयला चोरी के कारण लगातार गरीब एवं निर्दोष लोगों की मौत हो रही है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों और विभागीय कर्मियों की उदासीनता के कारण यह धंधा रुक नहीं पा रहा है। शारदा सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध कारोबार फल–फूल रहा है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) पर सीएसआर योजनाओं में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। उनका कहनाहै कि विकास योजनाओं के चयन और क्रिय्रान्वयन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की लगातार उपेक्षा की जा रही है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत है। उन्होंने सीएसआर योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग केंद्रीय मंत्री से की।

# धरना–प्रदर्शन पर केस दर्ज होने से भड़की कांग्रेस, सीओ के खिलाफ थाना पहुंचे नेता

## प्रशासन ने कार्यकर्ताओं पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया था

पोलिट लाइव

**धनबाद।** जिले में कांग्रेस और प्रशासन के बीच विवाद गहराता नजर आ रहा है। जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने धनबाद अंचलाधिकारी राम प्रवेश कुमार एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ धनबाद थाना में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने अंचल अधिकारी पर दुर्व्यवहार, धक्का–मुक्की और राजनीतिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

श्री सिंह ने बताया कि 13 मई 2026 को कांग्रेस पार्टी की ओर से जन समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपने के लिए पूर्व सूचना दी गई थी। आरोप है कि अंचलाधिकारी ने उन्हें कार्यालय बुलाया, जहां पहुंचने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। शिकायत के अनुसार, कार्यालय परिसर में गाली–गलौज करते हुए धक्का–मुक्की की गई तथा जान मारने की नीयत से हमला करने का प्रयास किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अंचलाधिकारी ने सरकारी वाहन से डंडा निकालकर उन पर वार किया, जबकि अन्य सहयोगियों ने उनके सीने और पीठ पर मुक्के मारे। घटना के दौरान कई लोग मौजूद थे।



कांग्रेस नेताओं का कहना है कि हाल ही में विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर शांतिपूर्ण धरना–प्रदर्शन किया गया था, लेकिन प्रशासन ने कार्यकर्ताओं पर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज करा दिया। कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी अंचलाधिकारी पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार, आपत्तिजनक भाषा और जातिसूचक टिप्पणी करने के आरोप लग चुके हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि अधिकारी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया जा रहा है।

जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने चेतावनी दी कि यदि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन तेज करेगी। मामले को लेकर जिले का राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है और अब सबकी नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।




## नीट पेपर लीक पर धनबाद में कांग्रेस का हल्लाबोल, पीएम और शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

**धनबाद :** नीट –यू जी पेपर लीक कांड को लेकर देशभर में छात्रों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। झारखंड के धनबाद में आज युवा कांग्रेस और कांग्रेस छात्र मोर्चा ने रंधीर वर्मा चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाया।

धनबाद जिला युवा कांग्रेस और कांग्रेस छात्र मोर्चा के बैनर तले दर्जनों कार्यकर्ता रंधीर वर्मा चौक पर इकट्ठा हुए। नीट – यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने से नाराज कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

छात्रों के भविष्य से खेलना बंद करोह्व, ह्लधर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दोह्व, ह्लमोदी सरकार होश में आओह्व जैसे नारों से चौक गूंज उठा। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री और शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका।

# धनबाद मे ज़ेस्ट फैशन शो का होगा आयोजन

### 4 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों एवं 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए आयोजित किया जा रहा

**धनबाद :** ज़ेस्ट फैशन शो ह्ल के प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन क्लार्क्स इन सुइट्स में किया गया। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि यह फैशन शो 4 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों एवं 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और आत्मविश्वास बढ़ाने का मंच मिल सके।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में दुर्गापुर से आईं इंदिरानी माँजी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। वह मिस आसनसोल, मिस कोलकाता एवं इंटरनेशनल नोकिना ब्रांड एंबेसडर रह चुकी हैं। साथ ही तन्मय मि. इंडिया और मि.कोलकाता ) भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेकअप आर्टिस्ट सोनम जानेजा ने प्रतिभागियों को ग्रूमिंग एवं व्यक्तित्व निखारने से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। आयोजन को सफल बनाने में धर्मजीत चौधरी एवं मनीषा सिंह का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन काजल झा ,अनिशा दास द्वारा किया जा रहा है।




आयोजकों ने बताया कि इस फैशन शो के ऑडिशन 14 जून से झारखंड के विभिन्न जिलों जैसे धनबाद, बोकारो, देवघर, गिरिडीह, जमशेदपुर एवं रांची में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में बच्चों के लिए 250 के नाममात्र शुल्क पर भाग लेने का अवसर दिया जाएगा, ताकि वे अपनी कला और आत्मविश्वास को मंच पर प्रस्तुत कर सकें।

# रेलवे लाइन चौड़ीकरण में टूट गया आशियाना

## पीड़ितों का दर्द..मुआवजा भी नही मिला..सड़क पर आ गया परिवार


धनबाद : जिले के विनोद नगर रेलवे किनारे गुरुवार को रेलवे प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए कई मकानों पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान इलाके में अफरा–तफरी का माहौल बन गया और प्रभावित लोगों ने कार्रवाई का जमकर विरोध किया। लोगों का आरोप है कि रेलवे प्रशासन ने बिना उचित मुआवजा दिए ही उनके घरों को तोड़ना शुरू कर दिया, जिससे कई परिवारों के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि रेलवे लाइन चौड़ीकरण परियोजना को लेकर पूर्व में अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत हुई थी। उस समय आश्वासन दिया गया था कि जिन लोगों के मकान प्रभावित होंगे, उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। कुछ लोगों को मुआवजा राशि मिल भी चुकी है, लेकिन करीब एक दर्जन परिवार ऐसे हैं जिन्हें अब तक कोई भुगतान नहीं किया गया है। इसके बावजूद उनके मकानों पर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान महिलाएं और बच्चे भी सड़क पर उतर आए. लोगों का कहना था कि जब तक सभी प्रभावित परिवारों को मुआवजा नहीं दिया जाता, तब तक तोड़फोड़ की कार्रवाई रोकी जानी चाहिए। कई लोगों ने आरोप लगाया कि वर्षों से वे यहां रह रहे हैं और अचानक इस तरह घर तोड़े जाने से उनका पूरा प-रवार बेघर हो जाएगा। घटना के बाद इलाके में काफी देर तक तनाव का माहौल बना रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम भी मौजूद रही।



# ढुल्लू के झरिया कार्यक्रम पर विरोधियों ने उठाएं सवाल पीएम की अपील बेअसर..






## प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू जी क्या इस मामले में कोई राय देंगे?

**धनबाद :** जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद सुरक्षा और सरकारी खर्च में कटौती का संदेश देते हुए सीमित वाहनों के साथ चलने की अपील कर रहे जब माननीय राज्यपाल तक अपने काफिले में कटौती कर सादगी का संदेश दे रहे हैं तो फिर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो आखिर किसको शक्ति प्रदर्शन दिखाना चाहते हैं?

झरिया कतरास मोड़ में भारी भीड़ और लंबे काफिले के साथ हुआ यह कार्यक्रम अब राजनीतिक गलियारों में बड़ा सवाल बन चुका है।

मध्यप्रदेश में 120 गाड़ियों के काफिले पर भाजपा नेता पर कार्रवाई हो सकती है, तो क्या झारखंड भाजपा भी इसी नियम और अनुशासन को धनबाद में लागू करेगी?

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू जी क्या इस मामले में कोई राय देंगे?

क्या भाजपा संगठन शक्ति प्रदर्शन और भीड़ की राजनीति पर कार्रवाई करेगा या धनबाद में अलग नियम लागू हैं?

## ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया, गोविंदपुर, धनबाद के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**गोविंदपुर :** ग्लोबल स्कूल ऑफ इंडिया, गोविंदपुर, धनबाद के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

**विद्यालय के मेधावी छात्र:**

| नाम | प्रतिशत– |
|---|---|
| आज़ाद अंसारी | 90.6% |
| आमिर हफ़ीज़ | 84.6% |
| राइमा नाज़ | 81.6% |
| निखिल कुमार (कला) | 81% |
| तहसीन अली | 80.6% |
| फरहान अख्तर | 77.2% |
| नैना कुमारी | 76.6% |
| त्विषा सिंह | 73.2% |
| महाम शाज़िया मल्लिक | 71.4% |

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के निर्देशक डॉ. एस. खालिद, चेयरपर्सन डॉ. निकहत परवीन, प्रधानाचार्या चाँदनी त्रिगुणायत तथा समस्त शिक्षकगण ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

अपने संदेश में निर्देशक डॉ. एस. खालिद ने कहा, ॢयह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। अगर सच्ची लगन से मेहनत की जाए तो जीवन में सफलता प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। हमें पूर्ण विश्वास है कि हमारे छात्र आगे भी इसी तरह सफलता के नए आयाम स्थापित करते रहेंगे।ॢ

प्रधानाचार्या चाँदनी त्रिगुणायत ने भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



# सिंह मेंशन पहुंचे केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे, रागिनी सिंह व मेयर संजीव सिंह ने किया स्वागत





**धनबाद :** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के धनबाद आगमन पर झरिया विधायक रागिनी सिंह एवं धनबाद मेयर संजीव सिंह ने अपने आवास सिंह मेंशन में उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस शिष्टाचार एवं आत्मीय भेंट के दौरान झरिया समेत पूरे कोयलांचल की वस्तुस्थिति एवं जनसमस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।

वहीं केंदुआडीह क्षेत्र में भू–धंसान से प्रभावित सड़क की गंभीर समस्या को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा गया। क्षेत्रवासियों की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की गई। साथ ही झरिया क्षेत्र में आग, भू–धंसान, विस्थापन और पुनर्वास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

**रागिनी सिंह का बयानः** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि कोयलांचल की समस्याएं वर्षों पुरानी हैं और प्रभावित लोगों को सुरक्षित जीवन उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई कर राहत पहुंचाने का आग्रह किया।

**मेयर संजीव सिंह का बयानः** धनबाद मेयर संजीव सिंह ने कहा कि कोयलांचल की वास्तविक स्थिति को केंद्र सरकार तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्रीय मंत्री के प्रयासों से क्षेत्र की आधारभूत समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

**केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे का बयानः** केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र की समस्याओं की गंभीरता को समझते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

## गोविंदपुर थाना क्षेत्र के आसानबनी गांव में शादी के मंडप में एक अनोखा दृश्य देखकर लड़की ने शादी से किया इनकार...

गोविंदपुर : शादी में दोनों पक्ष की रजामंडी हो चुकी थी दोनों परिवार आपस में मिले एवं दूल्हा दुल्हन की राजी खुशी थे शादी की सारी रस्म हो चुकी थी मांग में सिंदूर पढ़ने के पहले जयमाला के समय दुल्हन को माला पहनने के दौरान मिर्गी बीमारी दस्तक दी एवं दूल्हा छटपटाना लगा एवं पंडित जी मौजूद थे पंडित जी ने भी बताया की दूल्हा का मिर्गी है लड़की ने तो इंकार किया ही एवं लड़की का बात मानना पड़ा उनके माता–पिता एवं घर परिवार के लोग सभी सोचकर के देख कि इस लड़के से अगर शादी हमारी बेटी की होती है तो कल दिन उनकी जिंदगी बर्बाद हो सकती है दूल्हे के पिता ने शादी से पहले इस बात को छुपा कर रखे थे शादी में काफी खर्च हुई लड़की के पिता ने दोनों पक्ष को मान सम्मान के साथ खाना खिलाया बाराती के लोग रात में ही धीरे–धीरे सब डर की वजह से फरार हो गए गांव के मुखिया गयासुद्दीन अंसारी भी शादी में सम्मिलित हुए एवं  लड़की के पिता के ही पक्ष लिए एवं इस मंडल समाज के इस तरह की घटनाएं हुई लड़की के पिता एवं आए हुए रिश्तेदार दूसरे दूल्हा के तलाश में है काफी प्रयास में है की इसी मंडप में हमारे लड़की की किसी अच्छे लड़के के साथ में शादी संपन्न हो जाए...






## धनबाद शहर में पेट्रोल बंदी को लेकर के लोगों की हालत हुई अस्त व्यस्त...

पोलिट लाइव

गोविंदपुर : रतनपुर क्षेत्र स्थित आई बी पी पेट्रोल पंप में गुरुवार की शाम ग्राहकों की मोटरसाइकिल लेकर के खचाखच भीड़ देखने को मिली अचानक यह खबर सुनने को मिली लोगों ने जायदा से जायदा गाड़ी में पेट्रोल लेने के लिए परेशान कई लोगों को गाड़ी में पेट्रोल नहीं रहने के कारण यात्री गाड़ी में सफर करने लगे जैसे कि मीडिया से बातचीत करते हुए बाहर से आए हुए पेट्रोल की समस्या में फंसे पत्रकार शिवम बरनवाल एवं गुरु दयाल ने बताया कि सरकार ऐसे कदम उठा रही है कि लोगों के पास पैसा रहने के बावजूद भी अभी उनको तेल नहीं मिल रही है एवं सामान भी नहीं मिल रही है लोग जहां की वही यात्री रुक जा रही है लोगों का अब सरकार और व्यापारी से विश्वास टूट रहा है शाम में पेट्रोल पंप का दृश्य देखने को मिला की हाईवे तक गाड़ी खड़ी हो गई